# बिहार सरकार

# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

**पटना–800014**

## प्रशिक्षण हेतु चिकित्सक (नियमित एवं संविदा) ध्यान दें !

राज्य के प्रत्येक जिले में अवस्थित FRU संचालन हेतु CEmONC (Comprehensive Emergency Obstetric and Newborn Care) एवं LSAS (Life Saving Anaesthesia Skills) प्रशिक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए इच्छुक चिकित्सकों (नियमित एवं संविदा) से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। दोनों प्रशिक्षण 06 माह की अवधि तक पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, पटना एव नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, पटना में दिये जायेगें।

चिकित्सकों के लिए अहर्ताएँ निम्नवत हैः–

1. चिकित्सक संविदा अथवा नियमित सेवा में NHM अथवा राज्य सरकार के स्वीकृत पदों पर कार्यरत होने चाहिए।
2. चिकित्सक केवल MBBS डिग्रीधारी होने चाहिए, विशेषज्ञ नही।
3. चिकित्सक द्वारा पूर्व में CEmONC अथवा LSAS प्रशिक्षण नही लिया गया हो।
4. राज्य सेवा संवर्ग के चिकित्सक जिनकी सेवा कम–से–कम 10 वर्ष शेष हो (नियमित चिकित्सक हेतु)।
5. चिकित्सक (नियमित एवं संविदा) को कम–से–कम 3 वर्षों का कार्यानुभव हो।
6. FRU में पदस्थापित चिकित्सकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. प्रशिक्षणोपरान्त चिकित्सकों को FRU में कार्य करना अनिवार्य होगा।
8. CEmONC प्रशिक्षण हेतु महिला चिकित्सक को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. प्रशिक्षण हेतु चयनित सभी चिकित्सकों को 5 वर्षों तक इस संकाय अन्तर्गत सेवा देने हेतु एक Bond भरना अनिवार्य होगा।
10. Shortlisted चिकित्सकों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा एवं साक्षात्कार में सफल पाये जाने के पश्चात् ही उनको 06 माह के प्रशिक्षण हेतु चयनित किया जायेगा। चयन का अंतिम निर्णय राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार का होगा।

उपरोक्त किसी एक प्रशिक्षण के लिए योग्य, इच्छुक चिकित्सक **दिनांक : 30 जून, 2025** तक राज्य स्वास्थ्य समिति के वेबसाइट **https://shs.bihar.gov.in** पर आवेदन कर सकते है। **प्रशिक्षण का संपूर्ण व्यय राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार वहन करेगी।**

**इस बिन्दु पर किसी भी तरह की जानकारी के लिए प्रशिक्षण कोषांग, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के कार्यालय दूरभाष संख्या–8544421976 पर कार्य दिवस में सुबह 10:00 से संध्या 5:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।**

**निदेशक वित्त–सह–प्रभारी, प्रशिक्षण**